अत्यावश्यक
ई-मेल/स्पीड पोस्ट

पत्रांक–2प/पं०स०भ०/09–19/2022 (खण्ड)/6139/पं०रा०

**बिहार सरकार**

**पंचायती राज विभाग**

प्रेषक,

**नजर हुसैन,**
संयुक्त सचिव

सेवा में,

**जिला पदाधिकारी,**
समस्तीपुर।

पटना, दिनांक 15/5/2025

**विषय :–** **पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु भूमि का अंतर्विभागीय हस्तांतरण के लिए अनापत्ति/सहमति देने के संबंध में।**

**प्रसंग :–** **आपका पत्रांक–497 दिनाक–04.02.2025 एवं बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद्, पटना का पत्रांक–73 दिनांक–25.04.2025**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विभागीय पत्रांक–3113 दिनांक–27.02.2025 के माध्यम से समस्तीपुर जिला के वारिसनगर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कुसैया में पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु भूमि का अंतर्विभागीय हस्तांतरण के लिए अनापत्ति/सहमति देने हेतु बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद्, पटना से अनुरोध किया गया था।

इस संबंध में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद्, पटना द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि "पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु जो भूमि की मांग की गयी है, यह कोई पूनीत या धार्मिक कार्य के अंतर्गत नहीं आता है, लिहाजा इस कार्य के लिए किसी धार्मिक संस्था की भूमि निःशुल्क रूप से नहीं दी जा सकती है।"

अतः उपरोक्त के आलोक में अनुरोध है कि वारिसनगर प्रखंड के ग्राम पंचायत कुसैया में पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु अन्य उपयुक्त भूमि चयन करने की कार्रवाई की जाय।

विश्वासभाजन
14/5/25
(नजर हुसैन)
संयुक्त सचिव

**ज्ञापांक– 2प/पं०स०भ०/09–19/2022 (खण्ड)/6139 पं०रा० पटना, दिनांक 15/5/2025**

प्रतिलिपिः– जिला पंचायत राज पदाधिकारी, समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14/5/25
(नजर हुसैन)
संयुक्त सचिव

**ज्ञापांक– 2प/पं०स०भ०/09–19/2022 (खण्ड)/6139 पं०रा० पटना, दिनांक 15/5/2025**

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14/5/25
(नजर हुसैन)
संयुक्त सचिव

D:\2025\Rahul sir\PSB\PSB letter.docx



कृ०पृ०उ०

**ज्ञापांक– 2प/पं०स०भ०/09–19/2022 (खण्ड)/6139 पं०रा० पटना, दिनांक 15/5/2025**

प्रतिलिपिः– आई टी० मैनेजर, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(नजर हुसैन)
संयुक्त सचिव

# बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद्

विद्यापति मार्ग, पटना – 800001

# BIHAR STATE BOARD OF RELIGIOUS TRUSTS

Vidyapati Marg, Patna- 800001

Phone & Fax No : - 0612-2508940, 2508944, E.mail : - dharmiknayas@gmail.com


पत्रांक :– 73 डाक / ई–मेल दिनांकः–25/4/2025

निदेशक
पंचायती राज विभाग
गोपनीय कोषांग
गो०स०प्रे०सं०....944....
तिथि....05-05-2025....

1664
05 MAY 2025

प्रेषक,

अंजनी कुमार सिंह
प्रशासक

सेवा में,

श्री आनंद शर्मा
निदेशक
पंचायती राज विभाग
बिहार सरकार
पटना।

निदेशक, पंचायती राज, बिहार, पटना
02 MAY 2025

**विषयः–** **वारिसनगर अंचल अन्तर्गत ग्राम पंचायत राज कुसैया में पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु भूमि का अंतर्विभागीय हस्तांतरण/अनापत्ति प्रमाण–पत्र हेतु जिला पदाधिकारी, समस्तीपुर का पत्रांक 497, दिनांक 04.02.2025 के संबंध में।**

**प्रसंगः–** **भवदीय पत्रांक 2 प0/पं0स0भ0/09–19/2022 (खण्ड)/3113/पं0रा0, दिनांक 27.02.2025**

**महाशय,**

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में कहना है कि जिला पदाधिकारी, समस्तीपुर, को पर्षदीय पत्रांक 2920, दिनांक 27.02.2025 द्वारा पर्षद की बैठक दिनांक 06.05.2023 में सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय कि "पंचायत भवन निर्माण हेतु जो भूमि की मांग की गयी है, यह कोई पूनित या धार्मिक कार्य के अन्तर्गत नहीं आता है, लिहाजा इस कार्य के लिए किसी धार्मिक संस्था की भूमि निःशुल्क रूप से नहीं दी जा सकती है। प्रभावी विधि के तहत यदि सरकार चाहे तो सरकार द्वारा निर्धारित लीज विधि अधिनियम के तहत जमीन लेकर राशि का भुगतान करे और या सरकार द्वारा निर्धारित मासिक किराया राशि का भुगतान करने का प्रस्ताव दें जिससे वह राशि उक्त धार्मिक संस्था के विकास के कार्य में प्रयोग हो सके, विचार किया जाएगा" से अवगत कराते हुए आग्रह किया गया कि पर्षद की बैठक दिनांक 06.05.2023 में लिए गए निर्णय के आलोक में अपना प्रस्ताव दें जिसपर पर्षद द्वारा विचार किया जाएगा, तबतक न्यास की वर्णित भूमि (मौजा कुसैया, थाना नं0 141, खाता सं0 62, खेसरा सं0 2080, रकबा 31.436 डी0) पर पंचायत सरकार निर्माण हेतु अग्रेतर कार्यवाई नहीं किया जाए।

अतः जिला पदाधिकारी, समस्तीपुर को निर्गत पर्षदीय पत्रांक 2920 दिनांक 27.02.2025 की छायाप्रति सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाई हेतु संलग्न है।

**समावरणः**–उपरोक्त

विश्वासभाजन
24.4.25
**प्रशासक**
बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद,
पटना।

MOHIT CHAUBEY

(792)

# बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद्

(34)


विद्यापति मार्ग, पटना – 800001

**BIHAR STATE BOARD OF RELIGIOUS TRUSTS**

Vidyapati Marg, Patna- 800001

Phone & Fax No : - 0612-2508940, 2508944, E.mail :- dharmiknayas@gmail.com


O/C

पत्रांकः– 2920 डाक/ई–मेल दिनांकः–27/02/2025

प्रेषक

अंजनी कुमार सिंह
प्रशासक

सेवा में,

जिला पदाधिकारी,
समस्तीपुर।

विषयः– **श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी, ग्राम–कुसैया, अंचल–वारिसनगर, जिला–समस्तीपुर के संबंध में।**

प्रसंगः– **भवदीय पत्रांक 497, दिनांक 04.02.2025**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र जो विषयांकित न्यास की भूमि मौजा कुसैया, थाना नं0 141, खाता सं0 62, खेसरा सं0 2080, रकबा 31.436 डी0 में पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु पर्षद में कई प्रार्थना–पत्र प्राप्त हुए थे, जो पर्षद की बैठक दिनांक 06.05.2023 में अस्वीकृत कर दिया गया था। पर्षद की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि "पंचायत भवन निर्माण हेतु जो भूमि की मांग की गयी है, यह कोई पूनित या धार्मिक कार्य के अर्न्तगत नहीं आता है, लिहाजा इस कार्य के लिए किसी धार्मिक संस्था की भूमि निःशुल्क रूप से नहीं दी जा सकती है। प्रभावी विधि के तहत यदि सरकार चाहे तो सरकार द्वारा निर्धारित लीज विधि अधिनियम के तहत जमीन लेकर राशि का भुगतान करे और या सरकार द्वारा निर्धारित मासिक किराया राशि का भुगतान करने का प्रस्ताव दे जिससे वह राशि उक्त धार्मिक संस्था के विकास के कार्य में प्रयोग हो सके, विचार किया जाएगा।"

अतः आपसे आग्रह है कि पर्षद की बैठक दिनांक 06.05.2023 में लिए गए उपरोक्त निर्णय के आलोक में अपना प्रस्ताव दें जिसपर पर्षद द्वारा विचार किया जाएगा। तबतक आग्रह है न्यास की उपरोक्त वर्णित भूमि पर पंचायत सरकार निर्माण हेतु कोई अग्रेतर कार्यवाही नहीं किया जाए।

विश्वासभाजन

27.02.25

**प्रशासक**

बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद,

पटना।

MOHIT CHAUBEY